जनता से रिश्ता
www.jantaserishta.com

पुलिस ने बड़ीसाखथली में नकली शराब बनाने की फैक्ट्री पर मारा छापा, दो गिरफ्तार

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ आबकारी विभाग की टीम ने शाम को सालामगढ़ थाना क्षेत्र के बड़ी साखथली में एक खेत पर छापा मारकर नकली शराब बनाने के उपकरण और सामग्री जब्त की है। मौके से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उक्त नकली शराब कहां सप्लाई होती थी। इस बारे में आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी योगेश श्रीवास्तव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर प्रतापगढ़ और भीलवाड़ा की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि आबकारी पुलिस को बड़ीसाखथली गांव में नकली शराब बनाने की कई दिनों से सूचना मिल रही थी।

Source: https://jantaserishta.com/national/police-raided-the-factory-of-making-spurious-liquor-in-badisakhthali-two-arrested-2805404